हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा


04 वाहन चेकिंग के दौरान 85 लाख की 675 पेटी अवैध...



07 मरीजों को दें बेहतर उपचार, चिकित्सालय में ही उपलब्ध...



## खबर संक्षेप



### विहिप के प्रांतीय संगठन मंत्री पहुंचे मां के द्वार

**नलखेड़ा।** विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत के संगठन मंत्री ख़डेन्द्र भार्गव विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। गुरुवार को विहिप के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री भार्गव ने मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन पूजन किये। उनके साथ बजरंग दल के प्रांत सहसंयोजक यश बचानी भी थे। श्री भार्गव के सिद्धपीठ पहुंचने पर विहिप जिलाध्यक्ष किशोर बैरागी जिला सत्संग प्रमुख पिंटू परमार जिला सह सुरक्षा प्रमुख पवन राठौड़ सह गोरक्षा प्रमुख अरुण गोयल प्रखंड मंत्री सोनू पांचाल प्रखंड उपाध्यक्ष रवि गोस्वामी प्रखंड संयोजक धीरज पुष्पद रामकरण गोड़ कमल पिलवास सोनू मेवाडा आदि कार्यकर्ताओं ने आगवानी कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।

### संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया

**सीहोर।** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों स्कूल कॉलेज तथा संस्थाओं में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत एवं रविन्द्र परमार सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर, 1949 के दिन, भारतीय संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकृत किया और 26 जनवरी, 1950 को इसे लागू किया गया, जिससे भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 1949 में भारतीय संविधान को अंगीकृत किए जाने के सम्मान में औपचारिक रूप से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया। तब से प्रत्येक वर्ष इस दिन, राष्ट्र संविधान को अंगीकृत किए जाने, संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण और संविधान की महिमा का उत्सव मनाया जाता है।

### प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने घटना पर संज्ञान लेते हुए खाने व पानी की सैंपलिंग कर जांच के दिए निर्देश

# वीआईटी कैंपस छावनी में तब्दील, पैरा-मिलिट्री फोर्स तैनात, अवकाश घोषित, छात्र लौट रहे घर

अचानक हुई छुट्टी पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुराजीत ने जताई आपत्ति, बोले छात्राओं को अभिभावकों अनुमति के बाद ही हॉस्टल से जाने दिया जाए।









हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर-कोठरी

जिले के वीआईटी कॉलेज में मंगलवार रात छात्रों का गुस्सा ज्वालामुखी बनकर फूटा। भोजन और पानी की घटिया गुणवत्ता से बीमारियों का प्रकोप बढ़ने पर 3 से 4 हजार छात्रों ने एकत्र होकर कॉलेज परिसर को रणभूमि में बदल दिया। विरोध इतना उग्र हुआ कि कॉलेज की बस, दो चारपहिया वाहन और एंबुलेंस को आग लगा दी गई, साथ ही हॉस्टल की खिड़कियों के शीशे, आरओ प्लांट और कई अन्य हिस्सों में भी भारी तोड़फोड़ की गई।

छात्रों का चौंकाने वाला आरोप है कि कॉलेज में परोसा जा रहा खराब भोजन और दूषित पानी पीलिया और अन्य बीमारियों की असली वजह है। दावा है कि कई छात्र गंभीर रूप से बीमार पड़े और कुछ की जान भी चली गई। लगभग 100 छात्र अलग-अलग अस्पतालों आष्टा, सीहोर और भोपाल में भर्ती कराए गए हैं। छात्रों के अनुसार शिकायत करने पर प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की, उल्टा मामले को दबाने की कोशिश की।हॉस्टल में लगातार बिगड़ रही व्यवस्था पर छात्रों ने जब शांतिपूर्ण विरोध किया, तो कहानी और काली हो गई। छात्रों का कहना है कि हॉस्टल वार्डन और गाड्र्स ने प्रोटेस्ट रोकने के लिए उनसे मारपीट की और धमकाया। यूनिवर्सिटी प्रशासन के पास जाने पर भी कोई ठोस जवाब नहीं मिला। इसी से छात्रों का गुस्सा नियंत्रण से बाहर हो गया और माहौल हिंसक हो गया।

### छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप

- **पीलिया का प्रकोप :** हॉस्टल में खराब क्वालिटी के भोजन और दूषित पानी के कारण 100 से अधिक छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं और कुछ की मौत भी हुई है।
- **गार्डों की मारपीट :** अव्यवस्थाओं का विरोध करने पर हॉस्टल वार्डन और गार्डों ने छात्रों के साथ मारपीट की और चुप रहने का दबाव बनाया, जिसका वीडियो भी मौजूद है।

### कांग्रेस ने छुट्टी पर जताई आपत्ति

कोठरी स्थित प्रतिष्ठित वीआईटी कॉलेज में विरोध-प्रदर्शन और तोडफ़ोड़ के बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा 30 नवंबर तक अचानक अवकाश घोषित करने के निर्णय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कड़ी आपत्ति जताई है। बुधवार को वीआईटी पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रबंधन से साफ कहा कि अचानक की गई इस छुट्टी से दूर दराज की छात्राएं भारी परेशानी का सामना कर रही हैं, क्योंकि उन्हें घर जाने के लिए पर्याप्त बस या अन्य साधन नहीं मिल पा रहे हैं।



### प्रशासन सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं : मंत्री कृष्णा गौर

**सीहोर।** वीआईटी कॉलेज में दूषित भोजन खाने से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य खराब होने की घटना और छात्रों द्वारा प्रदर्शन की सूचना मिलने पर प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला व कॉलेज प्रबंधन से घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। कॉलेज प्रबंधन को विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए संस्थान में कुछ दिनों का अवकाश घोषित करने को कहा है, ताकि छात्र आराम कर सकें और स्थिति सामान्य होने के साथ ही वापस लौटने पर सहज महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि कॉलेज की मेस एवं भोजन व्यवस्था का तत्काल परीक्षण कर उसे दुरुस्त किया जाए और भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुधार कर सुचारू किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि घटना पर प्रशासन सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है।

## मंत्री सम्पतिया उइके पहुंची मां बगलामुखी के दरबार, किया हवन-अनुष्ठान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गुरुवार को मध्य प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी के दरबार में पहुंची। प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती उइके गुरुवार को नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन पूजन कर मंदिर परिसर में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरदास पंडाजी द्वारा उन्हें आशीर्वाद स्वरूप माता की चुनर ओढ़ाई गई। हवन अनुष्ठान उपरांत मंत्री श्रीमती उइके सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंची जहां उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज ( पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्रीमती उइके के सिद्धपीठ पहुंचने पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, सुसनेर मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन , पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर , पार्षद गोर्वधन वेदिया आदि नेताओं द्वारा स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया। मंत्री श्रीमती उइके ने क्षेत्र में चल रहे विभागीय कार्यों की जानकारी भी ली और अधिकारियों से प्राथमिकताओं को लेकर चर्चा की।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविदं ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## संतोष वर्मा के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



प्रदेश के एक आईएएस अफसर द्वारा सार्वजनिक मंच से ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणी के विरोध में स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को सौंपा गया। जिसमें संबंधित अधिकार के विवादित बयान के विरोध में उचित कानूनी व अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। ब्राह्मण समाज द्वारा गुरुवार को सौपें गए ज्ञापन में बताया गया कि 23 नवम्बर को भोपाल के डॉ. अंबेडकर पार्क में आयोजित अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ-अजाक्स के प्रांतीय सम्मेलन में नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने सार्वजनिक मंच से ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध अत्यंत अभद्र, अशोभनीय व अपमानजनक टिप्पणी की। उनका कथन था आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान में नहीं देता या उसका उससे संबंध नहीं बनता। यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल होने के पश्चात संपूर्ण ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है, यह अत्यंत 'अश्लील, जातिसूचक एवं बहन-बेटियों का अपमान' किया जाने वाला एक आपत्तिजनक कृत्य है। उक्त अधिकारी द्वारा की गई टिप्पणी से सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज की सामाजिक मर्यादा को ठेस पहुंची है, ऐसी अभद्र टिप्पणी सार्वजनिक कर्मचारी आचार संहिता के विरुद्ध है व संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन करती है। इसप्रकार की टिप्पणी से सामाजिक सद्भावना को क्षति पहुंचती है एवं सामाजिक विभाजन को बढ़ावा मिलता है, समाज के विभिन्न वर्गों को समान सम्मान व सद्भावना से देखना प्रत्येक सार्वजनिक अधिकारी का नैतिक दायित्व है।

ज्ञापन में निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया गया है। उक्त टिप्पणी भारतीय संविधान, भारतीय सेवा आचरण नियम, और महिला सम्मान संबंधी विभिन्न सरकारी योजनाओं (लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ) के मूल भाव को ठेस पहुँचाती है। एक आईएएस अधिकारी द्वारा इस प्रकार का बयान दिया जाना अत्यंत निंदनीय व अवांछनीय है, जिसकी निष्पक्ष जाँच व कठोर कार्यवाही आवश्यक है। ब्राह्मण समाज - विशेषकर बहने व बेटियां अत्याधिक अपमानित अनुभव कर रही हैं, जिससे समाज में शांति व्यवस्था तथा प्रशासन की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। यदि समयबद्ध कानूनी व प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होती है, तो ब्राह्मण समाज विवश होकर न्यायालयीन व लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन हेतु बाध्य होगा। ज्ञापन में संतोष वर्मा द्वारा दिए गए उक्त बयान की जांच कर उनके विरुद्ध भारतीय सेवा नियमों, भारतीय कानूनों और संबंधित धाराओं में कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

## खबर संक्षेप

### शिविरों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**देवास।** मध्यप्रदेश शासन संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के आदेशनुसार नगर निगम द्वारा पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत हितग्राहीयो का पंजीयन करने हेतु माहेश्वरी धर्मशाला, आवास नगर कॉन्प्लेक्स और आंगनवाडी केंद्र पर आयोजित किए जा रहे शिविरों का गुरूवार को निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने निरीक्षण कर निगम के संबंधित अधिकारियों को निर्धारित नवीन लक्ष्यानुरूप शत प्रतिशत पंजीयन करवाकर हितग्राहीयो को योजना का लाभ उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। जाफरी ने बताया कि यह योजना प्रमुखतः स्ट्रीट वेंडर्स सड़क-पटीरी वाले, छोटे-मोटे व्यवसाय करने वाले विक्रेता के लिए है, जिन्हें अपनी रोजमर्रा की बिक्री-व्यवसाय के लिए कामकाजी पूँजी की जरूरत होती है। योजना के तहत जो लोग लोन लेते हैं, बिना गारंटी व बिना सिक्योरिटी के कामकाजी पूँजी मिलती हैं। पी.एम. स्वनिधि पंजीयन शिविरों का लाभ हितग्राहियों को आसानी से मिल सके इसके लिए नगर निगम ने 19 नवंबर से 26 दिसंबर 2025 तक शहर के सभी 45 वार्डों में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उपायुक्त ने सिटी मैनेजर विशाल जगताप को निर्देशित किया कि मार्च 2026 के पूर्व सभी पंजीकृत हितग्राहियों को पी.एम. स्वनिधि के ऋण प्राप्त हो जाए यह सुनिश्चित करने हेतु सभी बैंकों से सतत संपर्क कर लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति करें।

### ऑपरेशन प्रहार के तहत सोनकच्छ थाना पुलिस ने की बड़ी कार्वाई

# वाहन चेकिंग के दौरान 85 लाख की 675 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

कुल 1 करोड़ रुपए का माल जब्त, दो आरोपी को किया गिरफ्तार।




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण जिले में "ऑपरेशन प्रहार" प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत अवैध शराब संबंधी अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार रात में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भोपाल से इन्दौर तरफ रोड पर ट्रक क्रमांक एम.पी.09 एच.जी.5963 जिसकी बॉडी के उपर हरे रंग की त्रिपाल लगी हुई है जिसमें शराब भरी है और वह इन्दौर तरफ जा रहा है। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी सोनकच्छ अजय गुर्जर तत्काल मय फोर्स के सूचना की तस्दीक हेतु हमराह फोर्स के सोनकच्छ प्रगति नगर बायपास पहुंचे जहां वाहन चेकिंग लगाई गई। वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक चालक तेजगति से आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी कर रोका गया एवं वाहन चालक व उसके एक अन्य साथी का नाम पता पुछते अपना नाम दीपक रावत,लालु रावत बताया। उक्त वाहन की चैकिंग करते त्रिपाल हटाकर देखा गया जिसमें आरोपीयों द्वारा बाहर की तरफ भुसे से भरी बोरियां जमा देना और अन्दर शराब की पेटीया छुपाकर कर ले जाते पकडा गया। आरोपी दीपक रावत पिता सज्जन रावत,लालु रावत पिता मुकाम रावत निवासी ग्राम आम्बुआ जिला अलीराजपुर के कब्जे से 675 पेटी कुल 5936.4 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब कीमती 85,35,440/- सहित एक ट्रक वाहन क्रमांक एम.पी.09 एच.जी.5963 जप्त कर आरोपियों के विरूद्व अपराध क्रमांक 749/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

#### गिरफ्तार आरोपी से मश्रुका जब्त

दीपक रावत पिता सज्जन रावत उम्र 27 साल निवासी ग्राम आम्बुआ जिला अलीराजपुर, लालु रावत पिता मुकाम रावत उम्र 28 साल निवासी ग्राम आम्बुआ जिला अलीराजपुर से 675 पेटी कुल 5936.4 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब कीमत 85,35,440/- रुपये एवं ट्रक क्रमांक एम.पी.09 एच.जी.5963 कीमत 20 लाख रुपये कुल मश्रुका लगभग 1.05 करोड़ रुपये का जप्त। उक्त सराहनीय कार्य में थाना




प्रभारी सोनच्छ निरीक्षक अजय गुर्जर, उनि हिमांशु पाण्डेय, मान सिंह गामोड,प्रआर विकास पटेल, हरिओम, सुनील खरे,आर सत्येन्द्र सोलंकी, रविंद्र, राजु माली, राजकुमार, आर लखन एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान,शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

# रोहिणी आत्महत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग

### शोषण और ब्लैकमेल करने के आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रोहिणी कलम की आत्महत्या के मामले में परिजनों और समाज के लोगों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया को विभिन्न मांगों से अवगत कराया।परिजनों ने आरोप लगाया कि रोहिणी कलम ने 26 अक्टूबर को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने विजेंद्र खर्मोदिया और प्रीतम सिंह सोलंकी पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है।

परिजनों का मानना है कि इसी मानसिक प्रताड़ना और दबाव के कारण रोहिणी ने यह कदम उठाया।ज्ञापन में सीबीआई या एसआईटी टीम गठित कर मामले की जांच की मांग की गई। परिजनों ने पुलिस से जांच की दिशा और आरोपियों के खिलाफ मिले सबूतों के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया है। उन्होंने शारीरिक शोषण के आधार पर जांच करने और विजेंद्र खरसोदिया व प्रीतम सिंह सोलंकी के खिलाफ शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का मामला दर्ज करने की मांग की।परिवार ने पुलिस से शारीरिक शोषण से संबंधित अपनी जानकारी को संज्ञान में लेने और उनके बयान दर्ज करने का आग्रह किया। उन्होंने विजेंद्र खर्सोदिया और प्रीतम सिंह सोलंकी के वाट्सएप चैट, कॉलिंग रिकॉर्ड और अन्य सोशल मीडिया हैंडल की जांच की भी मांग की। इसके अतिरिक्त, पीड़िता को व्यक्तिगत वीडियो और फोटो के माध्यम से ब्लैकमेल करने के आरोपों की भी जांच की जानी चाहिए। परिजनों ने कहा कि देश और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने वाली रोहिणी कलम की आत्महत्या एक गंभीर विषय है। उन्होंने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर जिला स्तर के अधिकारी के अधीन जांच कराने की मांग की।

# महिला सरपंच के प्रयास से जिले की मॉडल बनेगी ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा की बाल वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला देवास में नवाचार के अंतर्गत कलेक्टर ऋतुराज एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा में उत्कृष्ट कार्य किया गया है। इस बाल वाटिका के निर्माण से ग्राम पंचायत में बच्चों के बीच अत्यधिक उत्साह और आनंद का वातावरण है यहां बच्चों के लिए खेल,शिक्षा और प्रकृति के निकट सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कम है, बल्कि पंचायत में स्वच्छ, सुंदर और शिक्षाप्रद वातावरण स्थापित करने की मिसाल भी है। ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा जिले की एकमात्र ऐसी ग्राम पंचायत है जहां के मतदाताओं ने महिला सशक्तिकरण को महत्व देते हुए अपनी ग्राम पंचायत के सभी 14 पंच, सरपंच व उपसरपंच पद हेतु महिलाओं को ही चुना। ग्राम पंचायत को वर्ष 2008 में महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित कराने वाली ग्राम पंचायत सोबल्यापुरा की महिला सरपंच अनुबाई लक्ष्मण सिंह परिहार ने शासन की महत्वपूर्ण नवाचार योजना अंतर्गत बच्चों के मनोरंजन हेतु गुणवत्ता पूर्ण सुंदर बाल वाटिका का निर्माण किया। अनूठी और शासन के उद्देश्य को पूर्ण करने वाली इस वाटिका की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। बच्चों और महिलाओं के मनोरंजन का केंद्र बन गई। वाटिका व बच्चों की सुरक्षा हेतु महिला सरपंच अनुबाई परिहार ने अपनी मानदेय राशि में से 25 हजार रुपए का सहयोग कर चार सीसीटीवी कैमरे वाटिका में लगवाएं हैं। सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार ने बताया इस वाटिका में 4000 स्क्वेअयर फीट में हरी घास लगाई, 50 प्रजाति के सुंदर सौदार-फूल पौधे लगाये,इनमें कम सिंचाई में सु-व्यवस्थित सिंचाई हेतु 380 फीट ड्रिप, पौधों की सुरक्षा के लिए 2.5बाय192/480 स्क्वेयर फीट दीवाल बनाई, 2600 स्क्वेयर फीट पेंटिंग, 2500 स्क्वेयर फीट पेवर ब्लाक, वाटिका की सुरक्षा के लिए 280बाय 4/1120 स्क्वेयर फीट तार जाली लगाई,15 बाय 18 फिट का स्वागत द्वार, 14 फीट लंबाई-चौड़ाई का एक जंपिंग झूला व चार अन्य झुले, 5 चेयर, 3 चेयर पर आकर्षक टीन सेट व 400 स्क्वेयर फीट की दो चौपाल टीन सेट का निर्माण किया गया है।

# आज से दत्त सप्ताह प्रारंभ, श्री दत्त जन्मोत्सव 4 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री दत्त पादुका मंदिर श्री क्षेत्र बांगर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री दत्त जन्मोत्सव मनाने जा रहा है। यह पादुका का 51वॉ वर्ष होगा। इसका आरंभ शुक्रवार से होगा जिसे श्री दत्त जयंती सप्ताह भी कहा जाता हैं। सातों दिन प्रातः 5 बजे कांकड़ आरती होंगी। उसके बाद गुरुचरित्र ग्रन्थ का पाठ होगा। बाद मे नियमित पूजा अभिषेक एवं प्रतिदिन शाम 6.20 पर धुप आरती और 7 बजे नियमित आरती होंगी। शुक्रवार को श्री राम भजन मण्डल इंदौर द्वारा भजनों की प्रस्तुति शाम को 4 बजे से 6 बजे होगी,शनिवार 29 नवम्बर को प्रतिक गाँवशिंदे देवास एवं सहयोगियों द्वारा भजन होंगे। रविवार 30 को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक विसावा भजन मण्डल लोकमान्य नगर इंदौर की



भजन मंडली द्वारा,भजन होंगे। इसी दिन शाम को 4 बजे से 6 बजे तक स्वराली भजन मण्डल इंदौर द्वारा भजन किए जाएंगे। सोमवार दिनांक 1 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक साधना भजन मण्डल जेल रोड इंदौर द्वारा भजन प्रस्तुत होंगे इसी दिन शाम को 4 से 6 बजे तक सच्चीतानंद भजन मण्डल देवास द्वारा भजनो का कार्यक्रम होगा। 2 दिसम्बर मंगलवार को कल्याण सेवक भजन मण्डल इंदौर द्वारा भजन होंगे। 3 दिसम्बर बुधवार को एकादशी भजन मण्डल देवास द्वारा भी भजन होगा। सभी कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होंगे। गुरुवार दिनांक 04 दिसंबर को श्री दत्त जन्मोत्सव सायं 5.40 पर मंदिर परिसर मे मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी व्यवस्थापक दत्ता प्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि रविवार 07 दिसंबर 2025 को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। अतःधर्म प्रेमी जनता से अनुरोध हैं कि प्रतिवार्षिक आयोजित होने वाले इन धार्मिक आयोजनों मे सम्मिलित होकर पुण्य लाभ ले।

# श्री हनुमान अष्टमी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर निकालेंगे प्रभात फेरी, लड्डूओं का लगेगा महाभोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री हनुमान अष्टमी महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में इस वर्ष शहर में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा वातावरण देखने को मिलेगा। जिसकी तैयारियां जोरो से चल रही है। 12 दिसंबर, शुक्रवार की प्रातः बेला में सुबह 5 बजे श्री खेड़ापति सरकार अपने भक्तों को प्रभात फेरी के रूप में दर्शन देने हेतु नगर भ्रमण पर निकलेंगे। प्रातः काल की मधुर भक्ति-लहरों के बीच होने वाला यह दिव्य दर्शन शहरवासियों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण मनमोहक बाबा का अलौकिक श्रृंगार होगा , मंदिर कीआकर्षक विद्युत सज्जा , बाबा को अर्पित होने वाला 21,000 लड्डुओं का भव्य महाभोग। ध्वजा के साथ निकलने वाली भव्य प्रभात फेरी एवं ढोल-ताशों, बैंड , भजन मंडलियों एवं विभिन्न झांकियों की आकर्षक प्रस्तुति रहेगी। पूरे नगर में प्रभु भक्ति और उत्साह से भरी प्रभात फेरी का स्वागत विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और दीप सज्जा के साथ किया जाएगा। स्थानीय श्रद्धालुओं और भक्त मंडलों द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। सांयकाल रात्रि 8:30 बजे बाबा की महाआरती का आयोजन होगा। यह जानकारी श्री खेड़ापति रामायण मंडल के संचालक श्री हरिनारायण विजयवर्गीय, दीपीत पांचाल, तथा रामायण मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दी गई। मंडल ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन महोत्सव को सफल बनाएं।

### सामाजिक व धार्मिक कार्यों के लिए राशि भेंट

**चापड़ा।** समीपस्थ ग्राम मोखा पिपलिया में समाजसेवी विक्रम सिंह गेहलोद की स्मृति में परिजनों द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के लिए राशि भेंट की गई। इस दौरान स्व. विक्रम सिंह गेहलोद के बड़े भाई भारत सिंह दुलेसिंह दरबार ने विष्णु गोशाला चंद्रकेश्वर, राजपूत धर्मशाला चंद्रकेश्वर, सिद्धेश्वर आश्रम बिशनखेडा राजपूत धर्मशाला, कांकरिया बोर्डिया, राजपूत धर्मशाला छोटी खुड़ैल, श्री राम मंदिर राजपूत धर्मशाला सहित अन्य कई स्थानों के लिए 87500 रुपए की राशि समाजजनों के माध्यम से सौंपी। इस दौरान भाजपा नेता सुनील पुरोहित, पद्म सिंह पालाखेड़ी, डॉ. जेसी यादव, सज्जनसिंह कुशवाह ,सूरज सिंह सारोल,सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार ,कल्याण सिंह राजपूत, सूरजसिंह गेहलोद,रामनारायण यादव, रामेश्वर ठींगला, राधेश्याम बोस, दिलीप सिंह गेहलोद, ईश्वर प्रजापत, धर्मेंद्र सेंधव सहित अन्य मौजूद रहे।

# दुकान किराए की राशि जमा नही करने पर निगम ने की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम राजस्व विभाग अमले द्वारा निगम स्वामित्व की दुकान एवं अन्य दुकानों पर किराए की बकाया राशि जमा नही करने पर दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। निगम प्र.राजस्व अधिकारी रविन्द्रसिह ठाकुर, प्र.राजस्व उपनिरीक्षक संजय सांगते ने बताया कि बडे बकायादारों मे पुराना बस स्टेण्ड दुकान संचालक चन्द्रपाल केवलराम पर 41 हजार 242, एमआर रोड बावडीया इन्दौर दुग्ध समिति संचालक राकेश आजाद पर 61 हजार 28, शिवशक्ति चौराहा आवास नगर सौरभ मिलक पार्लर संचालक सुरेन्द्र पिता नरेन्द्रसिह गायकवाड पर 27 हजार 75 की राशि बकाया होने की दशा मे इनकी दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। जिसमे एक दुकान मालिक नयापुरा स्थित इन्दौर दुग्ध संघ समिति संचालक अब्दुल रजाक के द्वारा बकाया राशि 17 हजार 374 जमा करने पर इनकी दुकान का ताला खोला गया। उक्त कार्यवाही मे निगम राजस्व विभाग अमले के सचेन्द्र सिह ठाकुर, प्रवीण शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, दिनेश यादव आदि साथ रहे।

### अभा ब्राह्मण समाज ने आईएएस संतोष वर्मा की विवादित टिप्पणी का विरोध किया

# सात दिन में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ देवास मध्य प्रदेश, सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज देवास मध्य प्रदेश ने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज, उसकी सामाजिक मर्यादा, संस्कृति एवं परंपराओं को लक्षित करते हुए अत्यंत आपतिजनक, अमर्यादित एवं समाज को भड़काने वाली टिप्पणी की गई है। इस टिप्पणी से संपूर्ण ब्राह्मण समाज की भावनाएँ आहत हुई है तथा समाज में व्यापक रोष व्याप्त है।

ब्राहमण समाज सदैव शांति, सद्भाव, संस्कार व राष्ट्र हित में योगदान के लिए जाना जाता है। किसी भी समुदाय के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी न केवल सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ती है बल्कि समाज को आपस में संघर्ष की ओर धकेलती है।ज्ञापन में मांग की गई कि आईएएस संतोष वर्मा के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। जांच के लिए एक विशेष समिति गठित की जाए और दोषी पर कठोरतम कार्यवाही की जाए जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की ऐसी पुनरावृत्ति ना करे। ब्राह्मण समाज से सार्वजनिक रूप से लिखित व मौखिक क्षमा याचना करवाई जाए। यदि 7 दिवस के अंदर उचित एवं कठोर कार्यवाही नहीं की जाती है तो अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ देवास, संपूर्ण ब्राह्मण समाज व्यापक विरोध करने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर गोविंद मलतारे, प्रमोद व्यास, सुदामा शर्मा, चंद्रशेखर दुबे, सी.बी. शुक्ला, कमलेश शर्मा, अलकेश शर्मा, अयोध्या प्रसाद दुबे, पुष्पेन्द्र प्रसाद तिवारी, गौरीशकर चौबे, सुबोध दुबे, नवीन दुबे, शालिगराम शुक्ला, छोटू पांडे, प्रणय व्यास, अजीत तिवारी, मनोज शर्मा, महेन्द्र व्यास, डॉ. रितेश शर्मा, महेन्द्र स्थापक, पं. अश्विन सौराष्ट्र, नयन कानूनगो, विकास शर्मा, डी.के.जोशी, अभिषेक जोशी, संदीप तिवारी, महेन्द्र उपाध्याय, प्रेमानंद दुबे, आशीष शर्मा, ऋषभ शर्मा, राजेन्द्र कुमार मिश्रा, सिद्धार्थ शर्मा, सुनील पंडित, ओम चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, अनिल खड़ेकर, सुरेश व्यास, रविकांत मिश्रा, सीमा शर्मा, दिलीप तिवारी, अनिल दुबे, उमेश तिवारी, दीपक व्यास, मीनाक्षी पांडे, जितेन्द्र तिवारी, अनूप पांडे, मानसी शास्त्री, रोहित उपाध्याय, श्रेया चौबे, आशीष शर्मा, नवीन चौबे, धर्मेन्द्र मिश्रा, कैलाश शर्मा, सुरेश शर्मा, अशोक चौबे, राहुल शर्मा, मधु शर्मा, माया तिवारी, सुदेश दुबे, मयंक दुबे, समीर शर्मा, विमल शर्मा, प्रतीक पंडित, संजीव आचार्य, महेन्द्र व्यास, अमिताभ शुक्ला, गजेन्द्र तिवारी, जगदीश प्रसाद शर्मा, विभा दुबे, कुसुम शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन पं. दिनेश मिश्रा ने किया।

# जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान का हुआ निर्माण




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इकलेरा के द्वारा नवांकुर संस्था मां गायत्री सेवा समिति के संयुक्त माध्यम से जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान का निर्माण किया गया। इसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इकलेरा के सदस्यों द्वारा श्रमदान करके बोरी बंधान का निर्माण किया। ग्राम में ही स्थित रेटलिया नाला पर बंधन किया गया। इस दौरान सरपंच चंपालाल पाटीदार,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रफुल्ल पाठक, नवांकुर संस्था प्रभारी धर्मेंद्र सिंह सेंधव एवं मेंटर्स अवधेश शर्मा तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कांतिलाल पाटीदार तथा समिति के सदस्य अर्जुन सिंह पाटीदार अरुण पाटीदार ऋषभ पाटीदार शुभम पाटीदार, गोविंद पाटीदार,प्रवीण पाटीदार सभी समिति के लोग उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य सेवाओं के सत्यापन के लिए मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

# मरीजों को दें बेहतर उपचार, चिकित्सालय में ही उपलब्ध हो दवाइयां : प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री, मुस्लिम वक्फ एवं हज/जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन और उनकी बेहतरी के लिए गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही मरीजों से उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ साफ बेड, शौचालय, निशुल्क जांचे उपलब्ध करायी जायें, यदि किसी प्रकार के लेनदेन की शिकायतें मिली तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे



पहले महिला चिकित्सालय के पर्चा पंजीकरण काउंटर को देखा, यहां पर उन्होंने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि अब क्यू आर कार्ड स्कैन करके भी पर्चा बनाया जा सकता है और खिड़कियों पर भी बनाया जाता है। इसके बाद उन्होंने चर्म रोग ओपीडी का निरीक्षण किया, यहां पर चर्म रोग चिकित्सक डा.मुकेश सेठ मरीजों को देखते हुए पाये गए, मरीजों की पंजिका का अवलोकन करते हुए चिकित्सक से मरीजों के बारे में जानकारी ली गई। बताया गया कि आज 151 मरीज देखे गए हैं, प्रतिदिन लगभग 350 देखे जाते हैं। चिकित्सालय में 3 चर्म रोग चिकित्सक हैं। इसके अलावा चिकित्सालय में अधिकतर दवाएं उपलब्ध हैं, शॉर्टेज होने पर जन औषधि केन्द्र से दवाएं दिलायी जाती हैं। निर्देश दिये गए मरीजों को बेहतर उपचार दिया जाए, साथ ही सभी को चिकित्सालय से ही दवाएं उपलब्ध करायी जाएं।

#### औषधि भंडार और औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण

प्रभारी मंत्री ने जनरल ओपीडी को निरीक्षण किया, यहां उपस्थित चिकित्सक के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 150 मरीज देखे जा रहे हैं, अधिकांश सर्दी जुकाम के मरीज आ रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने दवाओं के सत्यापन हेतु औषधि भंडार कक्ष और औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने दवाओं का स्टॉक रजिस्टर व दवाओं को देखा। लगभग सभी दवाएं उपलब्ध पायी गईं। निर्देश दिये कि मरीजों को बेहतर से बेहतर दवाएं उपलब्ध करायें, ताकि मरीजों को बाहर से दवा न खरीदना पड़े। इसके अलावा प्राचार्य द्वारा बताया गया कि मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन व कार्डिक सर्जन की तैनाती के लिए शासन से पत्राचार किया गया है। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह सहित अन्य चिकित्सक व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ टेल तक पहुचाएं पानी

# सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश रैंकिंग में ललितपुर ने पाया दूसरा स्थान

राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उप्र जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानी और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। वहीं उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग का स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बैठक को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों को चिन्हित किया जाएगा और विभागीय कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने प्रमुख रुप से जनपद के एण्ट्री प्वाइंट का जीर्णोद्धार कराने, प्रकाश व रेडियम युक्त बड़ा बोर्ड लगवाने, सीसीटीवी कैमरे व अन्य साज-सज्जा कराकरा अवगत कराने हेतु लोक निर्माण विभाग व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि शहर में प्रवेश करते समय लोगों को पता चले कि वे किसी नगर में आ रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि जनपद के सभी प्रवेश द्वारों का सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करें कि क्या-क्या जीर्णोद्धार के कार्य किये जा सकते हैं और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कुछ प्रमुख जनशिकायतों से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में कम विद्युत आपूर्ति विजिलेंस टीम के द्वारा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली, नहरों का पानी टेल तक न पहुंचने जैसी शिकायतें शामिल रहीं, जिस पर प्रभारी मंत्री ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि वे स्वयं दफ्तरों से बाहर निकलें और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर समस्याओं का निस्तारण करायें। किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति व नहरों में पानी पहुंचाएं ताकि वे सिंचाई कर सकें। इसके साथ ही विजिलेंस के नाम पर किसी भी किसान का शोषण न हो। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि जनप्रतिनिधि कोई समस्या बताते हैं तो वह समस्या उनकी व्यक्तिगत नहीं होती, बल्कि जनसमस्या होती है, ऐसे में अधिकारी सुनिश्चित करें कि उक्त समस्या को नोट कर निस्तारण की तिथि निर्धारित करें और निस्तारण के उपरान्त जनप्रतिनिधियों को



अवगत भी करा दें। बैठक में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र, मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, चन्द्रशेखर पंथ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने सभी जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात जनपद के विकास कार्यों की एक-एक कर विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद ने विकास एवं राजस्व कार्यों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जिसमें अतिरिक्त ऊर्जा, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी टॉप थ्री में रहे, वहीं आईसीडीएस पोषण अभियान, डे एनआरएलएम, अल्पसंख्यक कल्याण दशमोत्तर/पूर्वदर्शम छात्रवृत्ति, प्राथमिक शिक्षा निपुण परीक्षा आंकलन, पिछड़ा वर्ग कल्याण दशमोत्तर/पूर्वदर्शम छात्रवृत्ति, लोक निर्माण विभाग सड़कों व सेतुओं का निर्माण की प्रगति खराब रही। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों में हीलाहवाली बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसके लिए अधिकारी पूरी तत्परता के साथ अपने कार्यों को पूर्ण करायें, इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार से सम्बंधित शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इसके उपरान्त कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सहित अन्य अतिथियों के द्वारा सुरेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य राजकीय इंकॉ ललितपुर, अंजना वर्मा प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर, प्रणवीर सिंह प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल डोंगराकलां, कोमल सिंह नरवरिया प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल दावनी एवं अखिलेश शुक्ला प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल नैनवारा को टैबलेट वितरित किये गए। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाईजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 226 ललितपुर विधानसभा के बीएलओ कविता राजपूत, जयापाल, मनोज भारती, बृजेश कुमारी एवं 227 महरौनी विधानसभा के धर्मेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, संजय कुमार तथा राजेन्द्र प्रसाद को फूलमाला पहनाकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और अन्य बीएलओ को भी प्रेरित करने को कहा।

### साइबर ठगी का भंडाफोड़

# 40 लाख गंवाए, शिकायत पर गैंगस्टर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़े ऑनलाइन धोखाधड़ी रैकेट का पर्दाफाश किया है, जिसमें एक स्थानीय निवासी को डबल पैसे के लालच में 40 लाख 87 हजार 710 रुपये का नुकसान हुआ था। प

लिस ने इस मामले में दो अंतर-राज्यीय साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के तहत कार्रवाई की है। रिशाला मंदिर के पास आजादपुरा निवासी मोहित जैन पुत्र मनोज जैन ने 22 जनवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक, साइबर सेल को एक लिखित शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 08 जनवरी 2024 को, मोहित जैन को मोबाइल नंबर 9705758225 से वाट्सएप पर एक ऑनलाइन जॉब का मैसेज मिला। लालच में आकर उन्होंने हां कर दी। उन्हें एक अन्य मोबाइल नंबर 6009480587 से संपर्क किया गया और बताया गया कि उन्हें एक वेबसाइट पर बुकिंग बटन पर 35 बार क्लिक करना होगा। उनके कहे अनुसार काम करने पर जालसाजों ने उनके खाते में 1132 रुपये भेज दिए, जिससे उनका विश्वास बन गया। इसके बाद, उन्हें 3585 टीम थ्रिप्टी नामक एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जालसाजों ने उनका ब्रेनवाश किया और डबल पैसे करने का लालच देकर उनसे अलग-अलग किस्तों में कुल 40 लाख 87 हजार 710 रुपये विभिन्न बैंक खातों में डलवा लिए। जब मोहित जैन ने अपने पैसे वापस मांगे तो जालसाजों ने 16.5 प्रतिशत टैक्स जमा करने की मांग की, जिसके बाद उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। मोहित जैन ने धोखाधड़ी में भेजे गए पैसों का विस्तृत विवरण पुलिस को दिया, जिसमें फेडरल बैंक, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के कई खाते शामिल थे।

#### गिरफ्तारी

मोहित जैन की शिकायत के आधार पर, साइबर क्राइम थाना में 27 जनवरी 2024 को अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मु.अ.सं. 03/2024 धारा 420, 406 आईपीसी और 66 डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना में निरीक्षक शावेज खान की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 फरवरी 2024 को दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमें हरियाणा राज्य के भिवानी हुड्डा सेक्टर 13 निवासी अखिल पुत्र कुलदीप (गैंग लीडर) व राजस्थान राज्य के जयपुर अंतर्गत थाना झोतवारा के पवनपुरी ईस्ट चारण नदी का फाटक निवासी जैलदार पुत्र साधूराम को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कई मोबाइल फोन (एंड्रॉइड और आई-फोन) तथा विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड बरामद हुए, जो उनकी आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल होते थे। साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमे में धारा 120बी, 34 भादवि (आपराधिक षड्यंत्र) की बढ़ोत्तरी की गई और 08 अप्रैल 2024 को आरोप पत्र न्यायालय को प्रेषित किया गया।

#### कठोर कार्रवाई

गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास और संगठित तरीके से अपराध करने की प्रवृत्ति को देखते हुए, ललितपुर पुलिस ने उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने इस संगठित गिरोह (जिसका लीडर अखिल है और सक्रिय सदस्य जैलदार) के खिलाफ एक विस्तृत गैंग चार्ट तैयार किया गया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, यह गिरोह भौतिक/आर्थिक लाभ प्राप्त करने और लोक व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से साइबर अपराध कर रहा था, जिसमें लोगों से फर्जी तरीके से पैसे अपने फर्जी खातों में मंगाकर निकाल लेना शामिल था।

#### गैंगस्टर एक्ट

जिलाधिकारी से गैंग चार्ट अनुमोदित कराने के बाद 26 नवंबर को अभियुक्तगण अखिल और जैलदार के विरुद्ध उ.प्र. (गिरोहबंद अधिनियम) समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस का मानना है कि इस गैंग की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना जनहित में अति आवश्यक है, जनता इनके विरुद्ध शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी।

# नहीं है रोडवेज बसों का संचालन स्थल जनपद में बसें चलाने की मांग तेज

### उप्र व्यापार मंडल युवा जिलाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा पत्र



**ललितपुर**। उप्र व्यापार मंडल युवा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने प्रभारी मंत्री दनिश आजाद अंसारी को एक पत्र सौंपकर ग्राम रोंडा में बनायी गयी ललितपुर बस डिपो का संचालन जल्द शुरू कराये जाने की मांग उठायी है। बताया कि रोड़ा बस डिपो पर शासन द्वारा लगभग 17 बसे स्वीकृत की गई है, लेकिन इसके बावजूद ना तो बस का संचालन शुरू किया और न ही डिपो संचालित हो सकी। जिले की बसें अन्य जनपदों में भेज दी जाती हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कहा कि इस मुद्दे कुछ समय पहले एम.एल.सी.ने भी उठाया था, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह भी बताया कि डिपो शुरू न होने से छात्रों को यात्रा में कठिनाई, मरीजों को दूसरे जनपद जाने में परेशानी, व्यापारियों को परिवहन बाधाएँ, तथा आम जनता को महँगे और असुविधाजनक सफर का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिकारियों द्वारा प्रत्येक बार केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। जनहित में डिपो का संचालन अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन सौंपते समय बृजेश गुप्ता, अंकित सराफ, वासु, अभिषेक नामदेव सहित अन्य व्यापारी एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से सरकार से मांग की कि रोडा बस डिपो को शीघ्र चालू करें।

### कांग्रेस ने संविधान दिवस मनाया

# लोगों को समान अधिकार देने वाला पहला विधान भारत का




**ललितपुर**। जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान दिवस मनाया सबसे पहले सभी कांग्रेसजनों संविधान निर्माता डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का पहला संविधान है, जिसमें सभी नागरिकों सामान अधिकार प्राप्त है। जिससे निचले पायदान खड़ा नागरिक भी बड़े-बड़े पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि आज डा.भीमराव अम्बेडकर वजह से ही देश को एक मजबूत और महान संविधान देश को प्राप्त हुआ, जिससे देश व देश वासियों को प्रगति प्राप्त हुईं है। इसलिए देशवासी हमेशा अपने महान नेता डा.अम्बेडकर का ऋणी रहेगा। आज संविधान की वजह से ही देश अनेक विपत्ती से निकल कर प्रगति के पाठ अग्रसर हुआ है। संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत ने किया। बैठक में नेहा तिवारी, पवन विश्वकर्मा, शशिकांत दीक्षित, वीरेन्द रजक, असलम खान, मयंक राजा, हनुमत राजा, शाकिर, राहुल सेन आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने पार्क में झूलों का लिया आनंद

# एक्सपोजर विजिट में बच्चों ने देखा माताटीला स्थित हाईडिल पावर प्लांट



**ललितपुर**। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत एक्सपोजर विजिट के द्वारा ब्लॉक बार के परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालयों के चयनित बच्चों को माताटीला बांध स्थित हाइडिल पावर प्लान्ट का भ्रमण बीईओ बार शैलजा व्यास के निर्देशन में कराया गया। इस दौरान बच्चों ने माताटीला बांध स्थित तहलटी में जूनियर इंजी.विवेक स्नेही के निर्देशन में लाइट बनने की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने बच्चों को बताया कि पानी के द्वारा लाइट किस प्रकार बनायी जाती है। इस प्रक्रिया को बच्चों ने ध्यान से सुना। बच्चों ने इंजीनियर विवेक स्नेही से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की और बच्चों ने झूलों का खूब आनंद उठाया। इस दौरान एआरपी विशाल नायक, उदयभान सिंह लोधी, हाकिम यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, डा.बृजेश कुशवाहा, पुष्पेंद्र जैन, दीपक सिंघई, रवीन्द्र वर्मा, रुकमणि सोनी, रूबी जैन, पुष्पा वर्मा, अनुराधा मोदी, एकांउटेट रवीन्द्र प्रजापति, रियाज अहमद, राकेश लाल, जगदीश मौजूद रहे। इन विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग ब्लॉक बार के विज्ञान विषय के एआरपी उदयभान सिंह लोधी ने बताया कि एक्सपोजर विजिट में ब्लॉक बार के संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय, संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय डुलावन, उच्च प्राथमिक विद्यालय करमई, उच्च प्राथमिक विद्यालय टोडी, उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन, देवरान, गढिया, वस्तगुंवा, मथुराडांग, सेमराडांग, नगारा, बिल्ला, दैलवारा, लडवारी, धमना, गढिया के बच्चे पहुंचे।

### पुलिस के पहुंचते ही वारदात करने वाले भागे

# दबंगों ने परिवार पर किया जानलेवा हमला विरोध किया तो घर के सीसीटीवी कैमरे तोड़े

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के मोहल्ला झांसीपुरा में रहने वाली रामा अहिरवार पत्नी अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को रात करीब 8.52 बजे वह परिजनों के साथ घर पर थी। तभी झांसीपुरा निवासी बादल उर्फ नन्नी पुत्र विनोद, मयंक उर्फ मनीष पुत्र विनोद आये और उसे परिजनों के साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने घर के बाहर निकलने की धमकी दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिये। मौके से पीड़िता ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही उक्त लोग अपने घर भाग गये। पुलिस ने उन्हें सिविल लाइन चौकी जाने की बात कही और चले गये। जब वह अपने पति के साथ चौकी जाने के लिए घर से निकली तो उक्त लोगों ने उसके घर पहुंच कर पुत्री को गालियां दीं और मारपीट करने लगे। पुत्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह जैसे ही पति के साथ घर की ओर लौटी तो उक्त लोगों ने पुत्री को बचाया। यह भी आरोप है कि हमलावरों ने उसकी पुत्री से मारपीट करते हुये मोबाइल फोन भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा पहले भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसे लेकर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (2), 352, 125, 351 (3) में मामला दर्ज है। तब से यह विवाद चला आ रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### पांच भाइयों ने युवक को किया अधमरा, महिलाओं को भी पीटा

एक ही परिवार के लोगों ने एकराय होकर पड़ौसी पर जानलेवा हमला कर दिया। वहीं दूसरी ओर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले कनई पुत्र मोहन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 20 नवम्बर को शाम करीब 4 बजे पड़ौस में खड़ा हुआ था। तभी गांव के देवेन्द्र, सुरेन्द्र, पुष्पेन्द्र, राजेन्द्र व बृजभान पुत्रगण स्व.राजाराम आये और उसे बिना कारण ही गालियां देने लगे। जब उसने गालियां देने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने बारी तोड़कर धारदार हथियारों व लोहे के डण्डे से उस पर हमला कर दिया।

### यूपी-112 का अभियान

# जनता को भरोसा दिलाने नुक्कड़ नाटक व एलईडी से जनता को डायल- 112 कीजानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए कि आपात स्थिति में मदद बस एक कॉल की दूरी पर है। उत्तर प्रदेश पुलिस की आपात सेवा यूपी-112 व जिले की डायल-112 टीम द्वारा संयुक्त रूप से 27 नवम्बर 2025 को जन-जागरूकता की बात, जन-जन के साथ अभियान चलाया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने चलाए गए इस कार्यक्रम को लोगों का समर्थन मिला। हर वर्ग ने डायल- 112 को अपनी सबसे विश्वसनीय आपात सेवा बताया। इस अभियान में कॉलेज और प्रमुख मार्गों पर लोगों से सीधा संवाद किया। अभियान की शुरुआत किसरदा के महाविद्यालय से हुई, यहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। टीम ने नाटक, पोस्टरों और लाइव डेमो के माध्यम से बताया कि 112 कैसे तुरंत सहायता पहुंचाने में मदद करता है। विद्यार्थियों ने जाना कि छेड़छाड़, सड़क दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी, आग या किसी भी संकट में एक कॉल ही सुरक्षा का सबसे तेज माध्यम है। कई छात्रों ने मौके पर '112 इंडिया ऐपइ इंस्टॉल किया और इसके फीचर्स समझे।

#### बानपुर चौराहे पर लोगों से संवाद

अभियान का दूसरा कार्यक्रम भानपुर चौराहा, महरौनी में आयोजित किया गया, जहां यूपी-112 टीम ने दुकानदारों, राहगीरों, महिलाओं और युवाओं से सीधे संवाद किया। टीम ने एलईडी वैन पर दिखाए गए वीडियो ने लोगों को समझाया कि आपातकालीन स्थिति में सहायता कितनी तेजी से पहुंचती है। टीम ने नाइट एस्कॉर्ट सेवा और सवेरा योजना की भी जानकारी दी, जो खासकर महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करती है। दिन का तीसरा पड़ाव बानपुर तिराहा, थाना बानपुर रहा, जहां यूपी-112 टीम ने ग्रामीणों, किसानों और स्थानीय व्यापारियों को सुरक्षा सेवाओं के बारे में जागरूक किया। 112 इंडिया ऐप की लोकेशन-शेयरिंग सुविधा को भी लोगों ने रुचि से समझा।

### केपीएसपीजी कॉलेज में संगोष्ठी हुई

# छात्र-छात्राओं को अंगदान व लैंगिक समानता के महत्व के बारे में बताया

**ललितपुर** । केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अंगदान एवं लैंगिक समानता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को अंगदान एवं लैंगिक समानता के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, कदअउ प्रभारी प्रभान्शु नगाइच, मयंक जायसवाल, (सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर), डॉ बीरेन्द्र सिंह (अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ललितपुर), डॉ राजेश भारती (जिला संक्रामक रोग नियंत्रण अधिकारी ललितपुर) रोहित राठौर एवं अरविन्द्र कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने संबोधन में कहा कि अंगदान करना एक महान एवं पुण्य का कार्य है इससे हम अपनी जिंदगी जी कर दूसरे को जीवनदान दे सकते हैं डॉ बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता को समाप्त करना हम सब का नैतिक कर्तव्य है। लड़कों के मुकावले लड़कियों को प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए उन्होंने अंगदान पर विशेष बल दिया, मयंक जायसवाल ने कहा कि लैंगिक समानता के परिणाम स्वरूप महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों से अच्छा प्रदर्शन कर रहीं है। प्राचर्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि छात्राओं को किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अपराध व शोषण के विरूद्ध निडर होकर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बाल विवाह एवं बालश्रम के विरूद्ध भी आवाज उठाना चाहिए। प्रभान्शु नगाइच ने कहा कि आजादी के बाद लैंगिक समानता में वृद्धि हुई है क्योंकि ये अधिकार हमें

संविधान ने दिया है प्रवक्ता पुष्पेन्द्र पुरोहित ने श्लोक के माध्यम से नारी सम्मान दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने समस्त अतिथियों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्रायें एवं प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता छाया तिवारी, प्रवक्ता अनीता साहू, प्रवक्ता नेहा श्रीवास्तव, प्रवक्ता भानुप्रताप घोष, प्रवक्ता अभिषेक शुक्ता, प्रवक्ता अमित कुमार, प्रवक्ता पुष्पेन्द्र पुरोहित, प्रवक्ता ज्योति रानी, प्रवक्ता रानी पुरोहित आदि मौजूद रहे।

एफआईआर कराने समाज के लोग घंटों बैठे रहे ब्यावरा थाने में, किया धार्मिक पाठ

# जिले भर में आईएएस वर्मा का पुतला फूंका, ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आइएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्म्ण समाज की बेटियों पर की गई अभद्र टिप्पणी के प्रतिउत्तर में ब्राह्म्ण समाज ने पीपल चैराहे पर आइएएस वर्मा का पुतला दहन करते हुए नारेबाजी की और सिटी थाने जाकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीओपी को सौंपा। वहीं नरसिंहगढ़ में भी छतरी चैराहे पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर आईएएस वर्मा का पुतला दहन किया और तहसीलदार विराट अवस्थी व थाना प्रभारी शिवराजसिंह चैहान को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि रविवार को आइएएस वर्मा द्वारा भोपाल में आयोजित अजाक्स संगठन के कार्यक्रम में ब्राह्म्ण समाज की बेटियों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। उस बयान के विरोध में जिलेभर के ब्राह्म्ण समाज सहित अन्य समाजों में गुस्सा व्याप्त है।



### एफआईआर कराने की मांग को लेकर बैठे धरने पर

पुलिस अधिकारियों को एफआईआर का आवेदन सौंपा कहा कि जब तक एफआईआर नहीं होगी समाज के लोग धरने पर बैठेंगे। धरने पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इसके बाद एसडीओपी, थाना प्रभारी ने आवेदन को जांच में लेने व एफआईआर करने के लिए समझाया।लेकिन समाज मानने को तैयार नहीं थी। प्रतिनिधिमंडल से बात की। इसके बाद फिर से एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी शर्मा व थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ ने जांच कर एफआईआर का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त किया गया।

### ब्राह्मण समाज ने आईएएस अधिकारी के कथित बयान पर जताया आक्रोश, पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर में भी बुधवार को ब्राह्मण समाज सारंगपुर द्वारा स्थानीय परशुराम चैराहे पर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के कथित विवादित बयान के विरोध में पुतला दहन किया गया। समाज प्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त टिप्पणी पर कड़ा विरोध दर्ज कराया तथा कार्रवाई की मांग।

### पुतला दहन कर एफआईआर और बर्खास्तगी की मांग की

नरसिंहगढ़ में ब्राह्मण समाज की बेटियों एवं समाज की मर्यादा पर आईएएस संतोष वर्मा द्वारा की गई अत्यंत आपत्तिजनक एवं भड़काऊ टिप्पणी के विरोध में आज नरसिंहगढ़ में ब्राह्मण समाज के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। छतरी चैराहे पर समाजजन बड़ी संख्या में एकत्र हुए, जहाँ संतोष वर्मा का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। समाज के सदस्यों ने इस आक्रोशपूर्ण घटना के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए आरोपी अधिकारी पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

### एफआईआर की मांग पर अड़े समाजजन

ब्रहामण समाज की बेटियों के बारे में कथित रूप से अपमानजनक बयान देने वाले आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ राजगढ़ मुख्यालय पर ब्रहामण समाज ने प्रदर्शन किया। इस दौरान समाजजनों सहित अन्य द्वारा न केवल वर्मा का पुतला दहन किया गया बल्कि सभी एकत्रित होकर थाने पहुंचे और आईएएस वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। इसके पूर्व समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि सिविल सर्विसेज से जुड़े अधिकारी द्वारा बेटियों के लिए कहे शब्दों से न केवल बेटियों बल्कि सभी मातृ-शक्तियों की भावनाएं व सम्मान आहत हुआ है। ऐसे अधिकारी को सरकार और शासन को पद से पृथक कर देना चाहिए। पदाधिकारियों ने कहा कि आईएएस वर्मा की प्रवृत्ति पूर्व से आपराधिक रही है। मुख्यमंत्री को यह बात संज्ञान में लेकर उन्हें निलंबित या पद से पृथक करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाना चाहिए।

जिला पंचायत सीईओ ने किया था आकस्मिक निरीक्षण

# चार विभागों के औचक निरीक्षण में नदारद मिले 38 कर्मचारी

**राजगढ़।** जिले के विभिन्न सरकारी महकमों में कर्मचारियों के लेट पहुंचने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री इच्छित गढ़पाले ने बुधवार सुबह चार विभागों जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय, जनपद पंचायत, डीपीसी कार्यालय एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दफ्तर का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान सभी चारों विभागों को मिलाकर कुल 38 कर्मचारी निर्धारित कार्यालयीन समय पर ऑफिस से नदारत पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सीईओ श्री गढ़पाले द्वारा सभी 38 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं कुछ का आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।



### कहां, कौन मिला अनुपस्थित?

सीईओ गढ़पाले सुबह 10.40 पर डीपीसी कार्यालय पहुंचे। यहां ओपी नामदेव, प्रवीण सक्सेना, नीरज व्यास, राजेश तोमर, रवि खरे, विभूति दुबे, फरीदा कुरेशी, गफूर खान, लक्ष्मीनारायण, धीरप सिंह एवं कोमल पांडे दफ्तर से नदारत मिले। इसी तरह जनपद पंचायत कार्यालय राजगढ़ के निरीक्षण में दीपक यादव, नीलम लोधी, रामचंद्र सरावत, उपयंत्री अमित तिवारी, बलवीर सिंह, राखी श्रीवास्तव, महेश मालवीय, संतोष कोले उपस्थित नहीं मिले। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय के निरीक्षण में प्रदीप शर्मा, महेंद्र परमार, भूपेंद्र सिंह, यशपाल हाड़ा, जीतेंद्र वर्मा, टीना गुप्ता, रोहित शाक्य, राजेश विजयवर्गीय, राजू सेन, दिलीप सांकला, मोहम्मद जाकिर निर्धारित समय पर दफ्तर में नहीं पाए गए। इसी तरह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के निरीक्षण के दौरान राकेश भील, कपिल शाक्य, बादल मेवाड़े, नैना सोनी व अन्य कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। उक्त सभी कर्मचारी अपनी-अपनी शाखाओं में विभिन्न दायित्वों का निवर्हन करते हैं।

## आप लोगों से चर्चा कर संगठन को मजबूत बनाना है : टेलर

**कुरावर।** गुरुवार को सुबह भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का नगर में प्रथम आगमन पर विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी ढोल धमाकों सहित पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

नगर में विधायक मोहन शर्मा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश मंडलोई ने उन्हें साफा व पुष्प माला पहनकर मंगल तिलक लगाया तथा उनकी नव नियुक्ति पर बधाई दी। इसके पश्चात नगर के भाजपा नेता अनिल माहेश्वरी के निवास पर



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष टेलर का स्वागत हुआ। इस अवसर पर टेलर ने कहा कि आज समय काम है मैं वापस आऊंगा मुझे आप लोगों से चर्चा करनी है संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। नगर परिषद कार्यालय में भी नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष टेलर का स्वागत किया गया जहाँ बाला प्रसाद चंद्रवंशी सहित समस्त पार्षदों ने स्वागत किया। तत्पश्चात टेलर शाजापुर के लिए निकल गए।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, राधेश्याम पचवारिया, ब्रजकिशोर मीणा, कैलाशराज, लक्ष्मण सिंह राणा, मोती सिंह बिलहरी, महेश भावसार, सुरेश गोयल, गोपाल मीणा, जितेंद्र सेन, कपिल चंद्रवंशी, पारस सक्सेना, रामचंद्र चंद्रवंशी, रितेश मंडलोई आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने मनाया संविधान दिवस, बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**ब्यावरा।** आज पुराने बस स्टैंड पर बाबा साहेब की मूर्ति पर भाजपा मंडल द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और पुष्प वर्षा की गई इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में ने बताया कि 1949 को आज ही के दिन हमारे संविधान को स्वीकृति मिली थी, और 26 नवंबर 1949 लागू किया गया और तभी से भारत का संविधान ही वह शक्ति है जिसने देश की विविधता को एकता में समाहित किया है।आइये आज हम सब मिलकर संकल्प लें कि इस संविधान का पालन करते हुए देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने का सदैव प्रयास करते रहेंगे। नगर पालिका



परिषद के वरिष्ठ पार्षद गोपाल जाटव ने कहा कि हमारे संविधान के करण ही आज के युवाओं को जिम्मेदारी और गर्व से प्रेरित करने से लोकतांत्रिक मूल्य और देश का भविष्य मजबूत होगा। इस महान देश के नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का वादा फिर से हम करें, और इस तरह एक विकसित और मजबूत भारत बनाने में अहम योगदान हम सबका हो।

## संविधान दिवस पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा- भाजपा ने संविधान मजबूत करने का काम किया



**कुरावर।** नगर में बुधवार को सुबह नगर परिषद परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहनशर्मा ने कहा कि जब देश एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब जगह-जगह बम विस्फोट होते थे सरकार के अनुसार संविधान चलते थे लेकिन अब संविधान के अनुसार सरकारी चल रही हैं। जब से देश एवं प्रदेश में भाजपा सरकार आई है संविधान और मजबूत बनाने का प्रयास किया है, लोकतंत्र मजबूत हुआ है। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ भी दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य बाला प्रसाद चन्द्रवंश, नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, राधेश्याम पचवारिया, अशोक मीणा, भोलू मीणा, सुनील मीणा, रवि मीणा, ओम शर्मा, भूरा मीणा, जितेंद्र सेन, कपिल चंद्रवंशी, पारस सक्सेना, रामचंद्र चंद्रवंशी, रितेश मंडलोई आदि।

पहले मृतका का शव अस्पताल से लेकर भाग निकले, पुलिस के दखल के बाद दोबारा शव लेकर मर्चुरी पहुंचे जैन परिवार

# आरती का पिता बोला - खेत से उठाकर ले गए बेटी को, 19 घंटे बाद हुआ पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सहरिया जनजाति की बेटी को यूपी ललितपुर के गांव बिनेकापुर से खेत पर काम करते उठाकर लाने के आरोप लड़की के पिता रामदास ने फोन पर मीडिया को बताए। उन्होंने बोला कि मेरी बेटी खेत पर काम कर रही थी तो जैत अग्रवाल एवं अंतिमा उसे उठाकर अपने साथ ले गए। इतना जरूर बताते हैं कि शादी की बात चल रही थी परंतु शादी का तारीख तय नहीं हुई थी। उधर जैन परिवार का कहना है कि हमने शादी के कार्ड छपवा लिए थे जिसे थाने में भी दे दिया गया है ।

जैन परिवार के करीबी संजय शर्मा ने हरिभूमि के कार्यालय में आकर जो शादी का कार्ड दिखाया उसमें 30 नवंबर 25 को शादी होना बताया जा रहा है ऐसे में जब लड़की के पिता को पता ही नहीं है तो फिर कार्ड की उपयोगिता कितनी मानी जानी चाहिए। उधर लड़की को ललितपुर से लेकर आने वाले जैत व अंतिमा को चंदेरी से सोनू जैन मिला जिसकी छोटे भाई से शादी होना बताया जा रहा है। प्रश्न यह है कि कैसे सहरिया जनजाति की लड़की से जैन समुदाय शादी कर रहा था? फिर उसको उठाकर क्यों लाया जा रहा था?चंदेरी में सोनू जैन कैसे मिला? फिर उसकी तबियत यकायक कैसे खराब हुई और ब्यावरा आते आते उसकी मौत हो गई। जिसे सिविल अस्पताल में लाने पर उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था, जिसके बाद उसको लेकर आने वाले लोगों ने डॉक्टर को गुस्सा दिखाना चालू कर दिया और बिना कुछ बताए ही आरती को अन्य जगह इलाज के लिए डॉक्टर से बोलने लगे, और 108 पर कॉल कर



दिया जब समय पर 108 नहीं पहुंची तो आरती के साथ मौजूद लोग उसे निजी सफेद कलर की टवेरा वाहन में लेकर भाग खड़े हुए।

### ड्यूटी डॉक्टर ने दी पुलिस को सूचना

जब ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर लखन दांगी को मामला संदिग्ध स्थिति में लगा। और परिजनों की हड़बड़ाहट से उनको पूरा शक हो गया। जिसके तुरंत बाद उन्होंने देहात थाना पुलिस को पूरी सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखते हुए जैसे तैसे गाड़ी में मौजूद जैन परिवार के लोगों से संपर्क कर दोबारा शव अस्पताल लाने को कहां। जब साथ में मौजूद लोगों ने आना कानी करने की कोशिश की तो पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही, तब जाकर वहां अस्पताल पहुंचे और शव को रात 2 बजे के लगभग शवगृह में रखवा दिया गया।

### शव को मर्चुरी में रखने के बाद शुजालपुर के जैन परिवार को होने का ऐसे खुलासा हुआ

जब इस मामले में पुलिस ने तहकीकात शुरू की तो पता चला कि शुजालपुर निवासी जैन परिवार आरती को लेकर उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के विनेकामाफी गांव से शादी के लिए लेकर आ रहे थे। लड़की के साथ उसका कोई भी परिजन मौजूद नहीं था। ललितपुर से निकलने के बाद आरती की तबीयत लगातार बिगड़ती ही जा रही थी। तब जाकर जैन परिवार के लोगों ने उसका औपचारिक इलाज चंदेरी में किए जाने की बात कर रहे थे। चंदेरी से निकलने के बाद ब्यावरा पहुंचने के पहले ही आरती की मौत हो चुकी थी। मृत अवस्था में ही जैन परिवार दिखवा करने ओर मृत्यु का राज छिपाने के लिए उसे सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर पहुंचे थे।

### 19 घंटे बाद क्यों हुआ आरती का पीएम

मृत शव को मर्चुरी में रखवाने के बाद थाने चली गई, 25 तारीख को जब उसके परिजन दिन के 11 बजे के लगभग ब्यावरा पहुंचे। जहां पर दोनों पक्षों को लेकर देहात थाने ब्यावरा में पदस्थ एएसआई लाखन सिंह दिन भर उलझे रहे। उसके बाद शाम 5 बजे के बाद यानी लगभग 19 घंटे बाद डॉक्टर तरुणिमा पटेल ने आरती का पोस्टमार्टम किया। उसके बाद शव को आरती के परिजन ललितपुर लेकर रवाना हो गए। लेकिन जैन परिवार के लोग ब्यावरा शवगृह के पास पुलिस के साथ मौजूद थे। जैसे ही रात 7रू30 बजे के लगभग मीडिया के कुछ लोग शवगृह के सामने पहुंचे तो आरती के परिजन तो वहां नहीं मिल पाएं लेकिन जैन परिवार के लोग वही मौजूद थे। जैसे ही मीडिया ने उनसे पूछना शुरू किया तो भाग निकले।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया

## 15 घंटे से लापता महिला का शव नेवज नदी में उतराता मिला

**राजगढ़।** नगर के जय स्तंभ चैक के ठीक सामने निवासरत 53 वर्षीय विवाहिता महिला का शव नेवज नदी के बड़े पुल में उतराता मिला है। मृतिका बीते करीब 15 घंटे से लापता थी एवं परिजनों द्वारा थाने में गुमशुदगी भी दर्ज करवाई गई थी।

बुधवार सुबह करीब 6 बजे नदी के आसपास से गुजर रहे लोगों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार ममता पत्नी



गिर्राज गुरगेला उम्र करीब 53 वर्ष मंगलवार दोपहर घर में बगैर किसी को कुछ बताए अचानक कहीं चली गई। पति और पुत्र कैलाश द्वारा पड़ोस सहित रिश्तेदारों के यहां उनकी पता लगवाया गया लेकिन वे नहीं मिली। देर शाम परिजनों द्वारा कोतवाली थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। बुधवार सुबह करीब 6 बजे नेवज नदी के पुराने बड़े पुल के नीचे आसपास से गुजर रहे लोगों ने किसी महिला का शव नदी में उतराता देखा और पुलिस को इस बात की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और नपा की टीम ने शव को नदी से निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

वन विभाग के द्वारा करवाया गया प्रतियोगिता का आयोजन

# जैव विवधता को लेकर हुई क्विज आयोजित, पुरस्कृत हुए होनहार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वन विभाग से जुड़े राज्य जैव विवधता बोर्ड के तत्वावधान में स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में जैव विविधता पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की कई टीमें सम्मिलित हुईं। अंत में विजेता टीमों को विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

क्विज में शामिल शासकीय हाईस्कूल पाडलियाखेड़ी की टीम में शामिल स्वयंप्रकाश, नरेंद्र एवं अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह शासकीय मॉडल उमावि नरसिंहगढ़ की टीम में शामिल कुमारी शीतल, कुमारी वंदना एवं कुमारी लक्ष्मी द्वितीय स्थान पर रहीं। सांदीपनी विद्यालय जीरापुर की टीम के पुष्पेंद्र, हरिओम एवं मोहित तृतीय स्थान पर रहे।

विजेता टीमों को डीएफओ बेनीप्रसादा दोतानिया, उप मंडल अधिकारी दिनेश यादव, रेंज ऑफिसर शिवकुमार चैहान, रेंजर गुलाब सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वनपाल राजू गुर्जर, लाखन सिंह चैहान, हेमराज कुशवाह, भानु प्रताप खिंची, क्विज समन्वयक राधेश्याम पुरवैया, कमल चैहान, शिक्षिका दीपा, प्राचार्य महेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

विभाग के अधीक्षण यंत्री के निवास पर लगाया गया पहला स्मार्ट मीटर, घर-घर में लगाने की कवायद

# राजगढ़ नगर के हर उपभोक्ता के घर आज से लगेंगे स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आगामी एक-दो दिन में राजगढ़ नगर के प्रत्येक घर में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत करने जा रही है। कंपनी द्वारा इसके कार्य के लिए नगर की कुछ कॉलोनियों में भी सर्वे किया जा चुका है। विभाग ने बुधवार को पहला घरैलू स्मार्ट मीटर विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री सुनील खरे के निवास पर लगाते हुए इसकी शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ नगर में करीब 9 हजार 500 घरैलू बिजली कनेक्शन हैं। इन सभी घरैलू कनेक्शन पर विद्युत वितरण कंपनी पुराने मीटरों को हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाने जा रही है।

बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा इस कदम को बिजली उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट मीटरों को लगाए जाने के संबंध में गुना सहित प्रदेश के अन्य जिलों में व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। कहीं-कहीं तो बिजली कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अपने कदम से पीछे भी करने पड़े थे।

**शिवधाम कॉलोनी, गिरनार कॉलोनी में हुआ सर्वे**



सूत्रों के मुताबिक विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के संबंध में नगर की शिवधाम कॉलोनी एवं गिरनार कॉलोनी में सर्वे भी किया जा चुका है। इस सर्वे के उपरान्त कल बुधवार को पहला स्मार्ट मीटर एसई के निवास पर लगाया गया है।

### विभाग बता रहा यह फायदे

विद्युत वितरण कंपनी राजगढ़ शहर के कनिष्ठ यंत्री शिवांश त्रिपाठी से स्मार्ट मीटर के संबंध में बात करने पर उनका कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाने के कई फायदे हैं। मीटर की रीडिंग सीधे कंपनी के डेटा सेंटर/कन्ट्रोल रूम में पहुंच जाया करेगी। मीटर रीडर को रीडिंग लेने नहीं आना पड़ेगा। ऐसे में हर महीने एक या 2 तारीख को बिल जनरेट हो जाया करेगा। उपभोक्ताओं को शिकायत रहती है कि उनके बिल की रीडिंग कभी किस दिनांक तो कभी फलाने दिनांक को ली जा रही है, यह समस्या स्मार्ट लगने के बाद खत्म हो जाएगी।

### शासकीय दफ्तरों में पूर्व से लगाए जा चुके हैं ये मीटर

आपके बतादें कि कंपनी की गाईड लाईन के मुताबिक राजगढ़ के सभी सरकारी कार्यालयों, विभागों में पूर्व से स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अब कंपनी आमजनों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत करने जा रही है।

### स्मार्ट मीटर लगाना शुरू

हां, यह सही है राजगढ़ नगर के सभी घरैलू उपभोक्ताओं के यहां आगामी एक-दो दिन में हम स्मार्ट मीटर लगाना शुरू करने जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के बहुत लाभ हैं परन्तु कुछ गलतफहमियों के वजह से लोग समझ नहीं पाते।

- शिवांश त्रिपाठी,
जूनियर इंजीनियर, राजगढ़ टाउन